उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, +91–9151024463
Website:www.upsmfac.org Email:upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–2659/26 दिनांक 24/03/26

सेवा में,

प्रबंधक/प्रधानाचार्य/विभागाध्यक्ष,
समस्त नर्सिंग व सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख संस्थान
उत्तर प्रदेश।

विषय–समस्त नर्सिंग व सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख संस्थान (पैरामेडिकल) डिप्लोमा प्रशिक्षण एवं फार्मेसी की पूरक/मुख्य परीक्षा मार्च–2026 में सी0सी0टी0वी0 कैमरे की कनेक्टविटी के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र संख्या–1511/26 दिनांक 12.02.2026 एवं पत्र संख्या–1830/26 दिनांक 20.02.2026 व पत्र संख्या–2599/26 दिनांक 20.03.2026 के माध्यम से आपको पूर्व में अवगत कराया जा चुका है कि मार्च–2026 में सम्पन्न हो रहीं परीक्षाओं को परीक्षा केन्द्र के सी0सी0टी0वी0 कैमरों की कनेक्टिविटी एवं लाइव स्ट्रीमिंग सुनिश्चित करने का उत्तरदायित्व संस्थानों का है। जबकि कनेक्टिविटी एवं लाइव स्ट्रीमिंग हेतु जारी दिशा–निर्देशों का कतिपय संस्थानों द्वारा पालन नहीं किया जा रहा है।

उक्त के सम्बन्ध में पुनः निर्देशित किया जाता है कि सभी संस्थान/परीक्षा केन्द्र सी0सी0टी0वी0 कनेक्टिविटी एवं लाइव स्ट्रीमिंग के दिशा–निर्देशों का पालन करें।

1. परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व अपने सी0सी0टी0वी0 कनेक्टिविटी को सुचारू रूप से कार्यरत होने की जांच कर लें।
2. किसी भी विशेष परिस्थिति में सी0सी0टी0वी0 कैमरों की कनेक्टिविटी लाइव स्क्रीनिंग बाधित होती है तो 15 मिनट के अन्दर कनेक्टिविटी स्थापित करना सुनिश्चित करें।
3. परीक्षा हॉल में किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रानिक गैजेट यथा (मोबाइल फोन, लैपटॉप, पीसी, स्पीकर, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस इत्यादि) का प्रयोग पूर्णतयाः वर्जित है।

उपरोक्त दिशा–निर्देशों का अनुपालन न किये जाने की दिशा में संस्थान/परीक्षा केन्द्र के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए परीक्षा निरस्त कर दी जायेगी। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व स्वयं संस्थान/परीक्षा केन्द्र का होगा।

भवदीय,

(डा0 अनुराग श्रीवास्तव)
सचिव।